## खबर संक्षेप

### गेहूँ उपार्जन के लिए 9 तक करा सकते हैं पंजीयन

**कटनी।** किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने किसानों से आग्रह किया है कि इस बढ़ाई गई पंजीयन अवधि का सदुपयोग कर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। जिले में गेहूँ का उपार्जन जारी है।

### तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल

**कटनी।** विपणन वर्ष 2024 -25 एवं खरीफ वर्ष 2024 में समर्थन मूल्य पर तुअर फसल के पंजीयन हेतु कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने निर्देश जारी किये हैं। जिले में तुअर पंजीयन का कार्य 20 अप्रैल तक किया जाएगा। पंजीयन की कार्यवाही मध्यप्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गेहूँ के ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जाना है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में तुअर का पंजीयन कार्य गेहूँ के पंजीयन हेतु निर्धारित केन्द्रों पर ही 20 अप्रैल तक समस्त कार्य दिवसों में की जाएगी। आपने कृषकों से अधिक से अधिक पंजीयन कराने की अपील की है।

### स्वच्छता रील प्रतियोगिता 15 अप्रैल तक

**कटनी।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा एक कदम आपकी रील से थीम पर आधारित स्वच्छता रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रील वीडियो लिंक शेयर करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025 तक है। रील गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखो, कचरे का दोबारा उपयोग करो तथा खुले में कचरा मत फैलाओ विषय पर बना सकते हैं। इसमें से किसी भी एक विषय पर रोचक रील तैयार करें। अपनी रील को सोशल मीडिया प्लेटफार्म (एक्स, यूट्यूब, फेसबुक) पर ज्यादा से ज्यादा शेयर करें। रील को पर सबमिट करके प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। पांच सबसे अधिक वायरल रील बनाने वाले प्रथम विजेता को 2 लाख रूपये, द्वितीय एक लाख, तृतीय 50 हजार तथा 2 सांत्वना 25-25 हजार रूपये का पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये लिंक पर विजिट कर सकते हैं।

### दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

**कटनी।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### कलेक्टर ईव्हीएम वेयर हाउस का करेंगे निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर आज 7 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का आंतरिक त्रैमासिक निरीक्षण करेंगे । निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ईव्हीएम मशीनों के रख रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं साफ – सफाई व्यवस्था का अवलोकन करेंगे।

## भव्यता के साथ निकाली गई प्रभु श्री राम की शोभायात्रा

### दुल्हन सा सजा था शहर, भये प्रगट कृपाला दीनदयाला की ध्वनि से गूंज उठे देवालय

**सतना।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव श्री रामनवमी पर्व पर नगर के सभी मंदिरों में ठीक 12 बजे रामभक्तो एवं संत-महात्माओं की उपस्थिति में भए प्रगट कृपाला दीन दयाला के स्वर से लोगों ने खुशियां मनाई। सुभाष पार्क स्थित श्री राम दरबार मंदिर,डालीबाबा स्थित श्री राम जानकी मंदिर, श्री बिहारी जी मंदिर,श्री तुलसी मानस मंदिर,वेंकटेश मंदिर,प्रणामी मंदिर,सत्यनारायण मंदिर,केशवदास मंदिर,जगतदेव तालाब स्थित राम जानकी मंदिर में रामायण पाठ,ढोल,बैंड,एवं आतिशबाजी के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म की खुशी में दर्शक झूम उठे। हिंदू पर्व समन्वय समिति के सदस्यों ने श्रीराम दरबार मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की आरती की। इस अवसर पर सभी ने प्रभु श्री राम का पूजन किया। हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान एवं नगर के सभी समाजों के सहयोग से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर परंपरानुसार आचार्यों के मंत्रोचार एवं शंख ध्वनि से श्री गुरुद्वारा नानक दरबार परिसर से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई,जो श्रीराम दरबार मंदिर सुभाष पार्क पहुंची। जहां विशाल मंच में प्रभु श्रीराम एवं शोभायात्रा में चलने वाली सभी झांकियों के दिव्य स्वरूपों की भव्य आरती एवं श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। श्री रामनवमी शोभायात्रा गुरुद्वारा नानक दरबार से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक,जयस्तंभ चौक,बिहारी चौक,चौक बाजार,अहिंसा चौक, अरिहंत चौक अस्पताल तिराहा,नगर निगम तिराहा,पावर हाउस चौक,हनुमान चौक,मैथिलीशरण चौक, लालता चौक,गांधी चौक होते हुए श्री राम दरबार मंदिर सुभाष पार्क में पूर्ण हुई। शोभा यात्रा का जगह-जगह बहुत स्वागत किया गया। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई।







## शोभा यात्रा के कारण जगह-जगह जाम, रेलवे पुलिया वाले मार्ग पर दो एंबुलेंस फंसी रहीं

### बाजार क्षेत्र की हर छोटी बड़ी सड़कों पर भारी मशक्कत के बीच जारी रहा यातायात, घंटों परेशान हुए नागरिक



**सतना।** सोमवार को दोपहर बाद बाजार क्षेत्र में रामनवमी शोभा यात्रा के कारण जगह-जगह इस कदर जाम लगा कि नागरिक घंटों परेशान रहे। कई जगहों पर एंबुलेंस फंसी रही। एंबुलेंस के चालक हॉर्न बजाते रहे लेकिन जाम की स्थिति इतनी ज्यादा थी कि सामान्यतः निकल पाना किसी का सहज नहीं था। देर शाम तक बाजार क्षेत्र की सभी छोटी बड़ी सड़कों पर भीषण जाम के बीच भारी मशक्कत से लोग आवाजाही करते रहे। हालत यह रही की लोग घंटों की मेहनत के बाद अपने गंतव्य पहुंच सके।

#### रेलवे अंडर ब्रिज मार्ग ब्लॉक

सिटी कोतवाली के सामने से बाजार में प्रवेश करने वाले मार्ग को पुलिस द्वारा प्रेम नगर तिराहे से ब्लॉक कर दिया गया था। जिसकी वजह से दो पहिया वाहन चालकों ने रेलवे कॉलोनी से होकर अंधेरी पुलिया पार करके बाजार जाने की कोशिश की। ज्यादातर लोगों ने दो पहिया वाहन से रेलवे स्टेशन जाने के लिए इसी मार्ग को चुना। लेकिन यहां पर भी जबरदस्त जाम की स्थिति देखी गई। एक बार तो ऐसा समय भी आया कि रेलवे पुलिया के अंदर भी जाम लग गया था।

#### दो-दो एंबुलेंस जाम में फंसी

गौरतलब है कि बाजार क्षेत्र पर बड़े वाहनों का प्रवेश सामान्यतः बंद रहता है। लिहाजा चार पहिया वाहन कामता टोला,रामणा टोला और धवारी अथवा अन्य इलाकों से होकर सिटी कोतवाली के सामने रेलवे की सड़क से गुजरते हैं। सोमवार को शोभा यात्रा के कारण सिटी कोतवाली के सामने से प्रारंभ होने वाला रेलवे कॉलोनी के मार्ग पर भी भारी जाम लग गया था। यहां पर वॉटर रीसाइकलिंग प्लांट के पास तिराहा होने की वजह से बड़ी संख्या में छोटे बड़े वाहन तीनों तरफ से जाम में फंस गए थे। इसी जगह पर दो एंबुलेंस जाम में फंसी रही। एम्बुलेंस के ड्राइवर द्वारा रास्ता प्राप्त करने के लिए हॉर्न बजाया जाता रहा लेकिन उसे रास्ता नहीं मिल सका क्योंकि आगे से लेकर पीछे तक जाम में सैकड़ो वाहन फंसे हुए थे।

#### जारी नहीं किया गया था रूट चार्ट

यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी बड़े आयोजन को देखते हुए जिला प्रशासन अथवा यातायात पुलिस द्वारा यातायात रूट के लिए एक दिन पहले रूट चार्ट जारी किया जाता है,लेकिन रामनवमी जुलूस की भव्यता का आभास पहले से होने के बाद भी यातायात का रूट जारी नहीं किया गया था। जिसकी वजह से लोगों को न केवल जाम में फंसना पड़ा,बल्कि जगह-जगह जाम की वजह से उन्हें भटकना भी पड़ा।

## हजारों लाड़ली बहनाएं योजना से हुई बाहर, चिंता बढ़ी, नहीं मिलेगी राशि

मैहर।

जहां एक ओर लाड़ली बहना योजना ने लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है वहीं उम्र की सीमा अब एक नई चुनौती के रूप में सामने आई है। सतना एवं मैहर जिले की करीब 11000 महिलाएं इस योजना से बाहर हो चुकी हैं जिसमें उनमें निराशा और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की राह पर आगे बढ़ाने के लिए शुरू की गई लाड़ली बहना योजना अब हजारों महिलाओं के लिए चिंता का कारण बन गई है।

#### क्यों छूटी इन महिलाओं के हाथ से योजना

मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा 28 जनवरी 2023 को इस योजना की शुरूआत की गई थी जिसमें 23 से 60 वर्ष की उम्र की महिलाओं को हर महीने 1250 रुपए सीधे उनके खाते में भेजे जाते हैं लेकिन जैसे ही कोई लाभार्थी महिला 60 वर्ष की उम्र पार करती है वह इस योजना से स्वतः बाहर हो जाती है। यही नियम अब मैहर जिले में लागू होने से हजारों महिलाओं के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। महिला बाल विकास विभाग के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सतना और मैहर जिलें में कुल 3.78 लाख महिलाएं इस योजना से जुड़ी थी लेकिन अब तक करीब 9000 महिलाएं उम्र सीमा पूरी होने की वजह से इस योजना से बाहर हो गई हैं। इसके साथ ही लगभग 2000 महिलाओं ने व्यक्तिगत कारणों से योजना का लाभ लेना बंद कर दिया है।

## भू माफिया की सक्रियता से जिले में घट रहा है आदिवासियों की जमीन का रकवा

### कहीं पर प्लाट काट के बेच रहे हैं तो कहीं पर चल रही हैं खदानें

सतना।

हवाई पट्टी की जमीन का रकवा कम होने और अतिक्रमण बढ़ने के साथ-साथ लंबे समय से आदिवासियों की जमीन की चल रही चर्चा अब गंभीर स्थिति में पहुंच गई है। हालत यह है कि भू माफिया की सक्रियता के कारण आदिवासियों की जमीन का रकवा साल दर साल कम होता जा रहा है। राजस्व महकमे के सूत्रों के मुताबिक 20 साल में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की 414 हैक्टेयर से ज्यादा जमीने घट गई हैं। ये जमीनें गैर आदिवासियों को बेची गई हैं।

#### चल रही है खदानें

बताया जाता है कि जिले में आदिवासियों की ज्यादातर जमीनों पर खदानों का काम किया जा रहा है या फिर इनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में जितनी भी जमीनें खरीदी गई हैं उन जमीनों को प्लाटिंग के रूप में उपयोग हो रहा है। कई मामले तो ऐसे भी आए हैं कि आदिवासियों के पास खुद की जमीन भी न के बराबर बची है और इनकी जमीनें खरीदने वाले करोड़पति बन गए।

#### 5 साल में यह आया बदलाव

सतना जिले की कृषि संगणना 2010 में अनुसूचित जनजाति के किसानों के पास कुल 29672 हैक्टेयर जमीन रही। लेकिन कृषि संगणना 2015 में यह जमीन घट कर 29527 हो गई। अर्थात 5 साल में 145 हैक्टेयर अर्थात 358 एकड़ से ज्यादा जमीन घट गई। यह आंकड़ा अगले 5 साल में और भी ज्यादा हो सकता है लेकिन 2020 आधार वर्ष की कृषि संगणना पूरी नहीं हो सकी है।

20 साल में 1000 एकड़ से ज्यादा जमीन खो दी

सतना जिले में आदिवासियों ने 2004 से 2023 के बीच 414 हैक्टेयर अर्थात 1023 एकड़ से ज्यादा जमीनें अनुसूचित जनजाति के लोगों ने खो दी। इन लोगों ने अपनी आवश्यकताओं के लिये गैर आदिवासियों को ये जमीनें बेच दीं।

#### मैहर और मजगवां में बड़ा खेल

कलेक्टर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आदिवासियों ने शादी के लिये, बच्चों की पढ़ाई के लिये,अन्य कारोबार या अन्य जरूरतों के लिए अपनी जमीनें गैर आदिवासियों को बेची है। लेकिन जिन लोगों ने इन जमीनों को लिया है उन्होंने इससे करोड़ो कमाए हैं। मसलन मैहर बाईपास में एक विवाह घर से लगी आदिवासियों की जमीन का क्रय विक्रय कर जमीन कारोबारियों ने करोड़ों रुपये की प्लाटिंग कर बेच दी है। जबकि मूल आदिवासी परिवार बमुश्किल अपनी शेष बची जमीन में किसी तरह जीवन यापन कर रहा है। यही हाल मैहर और मझगवां क्षेत्र का है। यहां पर आदिवासियों की जमीनों पर बड़े पैमाने पर खदानों का संचालन किया जा रहा है।

#### इस तरह बिकीं जमीनें

2004 से अब तक 442 आदिवासियों की 414 हैक्टेयर जमीन गैर आदिवासियों को बिक चुकी है। 2004-05 में 9 आदिवासियों की 8.671 हैक्टेयर,2005-06 में 36 की 16.175 हैक्टेयर,2006-07 में 47 की 39.002 हैक्टेयर,2007-08 में 26 की 24.199 हैक्टेयर,2008-09 में 20 की 24.039 हैक्टेयर,2009-10 में 91 की 73.997 हैक्टेयर,2010-11 में 80 की 71.965 हैक्टेयर,2011-12 में 20 की 20.499 हैक्टेयर,2012-13 में 17 आदिवासियों की 24.240 हैक्टेयर,2013-14 में 6 की 20.018 हैक्टेयर,2014-15 में 5 की 8.197 हैक्टेयर,2015-16 में 17 की 11.127 हैक्टेयर,2016-17 में 12 की 13.156 हैक्टेयर,2017-18 में 9 की 11.893 हैक्टेयर,2018-19 में 2 की 0.329, 2019-20 में 1 की 0.648 हैक्टेयर,2020-21 में 4 की 2.035 हैक्टेयर,2021-22 में 15 की 12.305 हैक्टेयर,2022-23 में 25 आदिवासियों की 31.742 हैक्टेयर जमीन कलेक्टर की अनुमति से गैर आदिवासियों को बिक चुकी है।

#### कलेक्टर करते हैं आंकलन

आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को बेचने की अनुमति कलेक्टर देते हैं। अनुमति देने के पहले कलेक्टर इसका पर्याप्त आंकलन करते हैं कि क्या वास्तव में जमीन बेचना आदिवासी के लिए जरूरी है।आंकड़े बताते हैं कि सबसे ज्यादा आदिवासियों की जमीन बेचने की अनुमति 2009-10 में 73.997 हैक्टेयर की दी गई। इसके बाद 2010-11 में 71.965,वर्ष 2006-07 में 39.002 हैक्टेयर और 2022-23 में 31.742 हैक्टेयर जमीन बेचने की अनुमति तत्कालीन कलेक्टरों ने दी।

## सौरभ शर्मा की रिहाई के विरोध में मुख्यमंत्री का जलाया पुतला



**मैहर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेश घई एवं ब्लाक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा की अगुवाई में ब्लॉक कांग्रेस ने सौरभ शर्मा की रिहाई के विरोध में मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला फूंक कर विरोध जताया। इस अवसर पर कहाकि भाजपा के भ्रष्ट शासन की परिणीति है कि सौरभ शर्मा की रिहाई नहीं तो करोड़ों का कैश और सोना पकड़े जाने के बाद तमाम अधिकारी मंत्रियों के साथ तार जुड़ने के बाद रिहाई कैसे हुई।आखिर सरकार के नाक के नीचे इतना बड़ा खेल कैसे हुआ। पुतला दहन में प्रमुख रूप से अरुण तनय मिश्रा,रामभद्र पांडे,अमजद खान,अखिल मिश्रा,शिवम पांडे,पंकज कुशवाहा,रमेश प्रजापति,सौरभ गुप्ता,कुलदीप पाठक,कुंजीलाल कुशवाहा,सुनील कोरी,राजाराम कुशवाहा,राजकुमार प्रजापति,वीरेंद्र नामदेव,अमृतलाल पटेल,बबलू पटेल,बद्री कुशवाहा,राजकुमार प्रजापति,नरेंद्र कुशवाहा,अक्षय कुमार दहिया,दीनदयाल कोल,नसीब खान,शेख जबरील,सोमदत्त साकेत,जान मोहम्मद,पंकज सोनी,कंटू वंशकार सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने सभी का किया आभार ज्ञापित

**मैहर।** मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मैहर के सभी स्थानीय जनता जनार्दन भारतीय जनता पार्टी के जिला एवं मंडल के पदाधिकारी बूथ के अध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ता एवं व्यापारी वर्ग स्थानी जनता जनप्रतिनिधि का आभार ज्ञापित किया की मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मैहर आगमन पर जिस पर सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं अपने-अपने दिए गए कर्तव्यों का प्रतिष्ठा के साथ कार्य किया जिसको लेकर के सफल संचालन कार्यक्रम के लिए सभी का आभार ज्ञापित किया है। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में लगे सभी विभाग के आला अधिकारी मैहर कलेक्टर पुलिस अधीक्षक एवं ड्यूटी पर तैनात समस्त थाना प्रभारी पुलिस कर्मियों एवं प्रशासनिक कर्मचारी का भी आभार व्यापित किया है।

## जय भारत मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने धीरज पाण्डेय

**मैहर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ प्रचारक जय भारत मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार,वरिष्ठ प्रचारक संरक्षक गिरीश जुयाल,राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज तिवारी की अनुशंसा पर पूर्व प्रचारक व राष्ट्रीय महामंत्री अर्जुन सिंह मेवाड़ा के द्वारा समाजसेवी पं.धीरज पाण्डेय मैहर को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। श्री पाण्डेय की नियुक्ति पर प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश दुबे ,महामंत्री आशीष बाजपेयी,उपाध्यक्ष संध्या उरमालिया सहित ईष्ट मित्रों प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बजरंगी सेना ने निकाली शोभा यात्रा

**मैहर।** मैहर बजरंगी सेना के अध्यक्ष महेश तिवारी के नेतृत्व में रामनवमी के पावन अवसर पर सरस्वती शिक्षा मंदिर प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा का हुआ। शुभारंभ ढोल नगाड़े एवं गाजे बाजे डीजे एवं रथ में सवार प्रभु राम की आकर्षक झांकी मोटरसाइकिल में सवार बजरंगी सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई रैली कटनी रोड,अलाउद्दीन चौराहा,पुरानी बस्ती,शारदा टॉकीज,घंटाघर,काली माता चौक होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर में समाप्त हुई। इस अवसर पर मैहर कोतवाली पुलिसकर्मियों के द्वारा कड़े बंदोबस्त किए गए।

## कोठी पुलिस ने पकड़ी कोरेक्स और मुक्त कराए पशु

### गांजा की तस्करी करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**सतना।** कोठी पुलिस ने प्रतिबंधित कोरेक्स की खेप पकड़ी है। इसी तरह 40 नग पशु तस्करों से मुक्त कराया है। इस सिलसिले में चार आरोपी गिरफ्तार किए गए जबकि तीन लोगों की तलाश जारी है। साथ ही पुलिस ने पकड़े गए ट्रक को राजसात करने की कार्रवाई का प्रतिवेदन भी कलेक्ट्रेट भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम रज्जन बक्श पिता मौला बक्श उम्र 30 वर्ष निवासी खोरवा टोला थाना कमर्जी जिला सीधी,हसन मोहम्मद पिता वसीम बक्श उम्र 25 वर्ष निवासी खोरवा टोला थाना कमर्जी जिला सीधी,मुनौवर अली पिता अजीम बक्श उम्र 24 वर्ष निवासी खोरवा टोला थाना कमर्जी जिला सीधी और शहजाद मोहम्मद पिता मो.हनीफ उम्र 26 वर्ष निवासी खोरवा टोला थाना कमर्जी जिला सीधी बताए गए हैं। आरोपियों के कब्जे से 36 शीशी आनरेक्स सिरप,ट्रक क्र.एमपी 53 जेडबी 9185 एवं 40 नग पशु (भैंस पडवा) जप्त किए गए हैं।



#### दूसरी कार्यवाही

गांजा तस्करी करती हुई महिला को उसके साथी आरोपी व अपचारी बालक के साथ 01 किलो 855 ग्राम गांजा सहित किय गया गिरफ्तार तथा गांजा देने वाले 02 अन्य साथियों की तलाश जारी है। 1 किलो 855 ग्राम गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर की स्पलेण्डर प्लस मोटर साइकल सहित जप्त कराकर आरोपिया रेशमा अहिरवार व उसके साथी आरोपी समीर अहिरवार एवं 1 अपचारी बालक सहित गांजा देने वाले 2 व्यक्तियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही कराते हुए आरोपिया रेशमा अहिरवार व उसके साथी आरोपी समीर अहिरवार एवं 1 अपचारी बालक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कराया गया जहाँ से आरोपियों को जेल भेज दिया गया तथा अपचारी बालक को बाल संप्रेषण गृह रीवा भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मनीष भारद्वाज (परि.भा.पु.से.),स.उ.नि.अश्वनीधर द्विवेदी,स.उ.नि.राजबहादुर सिंह,प्र.आर.जगदीश मीणा, देवेन्द्र सेन,सुधीश अग्निहोत्री,नाथूराम अहिरवार,महेश बंसल,आशीष द्विवेदी,आर.रिंकू जाटव, मानवेन्द्र सिंह,राजमणि साहू,राजपाल बागरी,विशाल नागर,गणेश पटेल,म.आर.प्रतिमा सिंह,मनीषा तिवारी,रूबी सिंह आदि की भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### खाद्य कारोबारकर्ता स्टॉक की करें ऑनलाइन घोषणा

**पन्ना।** कृषि उपज मंडी में पंजीकृत व्यापारी एवं खाद्य सुरक्षा विभाग में पंजीकृत गेहूं के व्यापारियों द्वारा भारत सरकार की जारी अधिसूचना अनुसार स्टॉक की ऑनलाइन घोषणा किया जाना अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अभिहित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई है कि थोक व्यापारी एवं विक्रेता के लिए गेहूं के स्टॉक की सीमा 250 मेट्रिक टन, रिटेलर के लिए 4 मेट्रिक टन और बिग चेन रिटेलर के लिए भी 4 मेट्रिक टन प्रति आउटलेट तथा प्रोसेसर के लिए स्थापित क्षमता के 50 प्रतिशत मात्रा की स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधीन पंजीकृत एवं गेहूं के स्टॉक का कारोबार करने वाले समस्त खाद्य कारोबारकर्ता को निर्धारित स्टॉक सीमा का पालन कर गेहूं स्टॉक संधारित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर भी नियमित रूप से स्टॉक की ऑनलाइन घोषणा करना अनिवार्य है। इस संबंध में शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए समस्त पंजीकृत एफएसएसएआई लाईसेंस व पंजीयन प्राप्त समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को सूचित किया गया है।

### श्रीराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा का महिला श्रृद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत



**पन्ना।** चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिवस रविवार को नवमीं को पूरे पन्ना नगर में भगवान राम का प्रगटोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। रविवार को रामनवमी के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालु और दर्शक शामिल हुए। नगर की सड़कों से होकर निकली इस विशाल शोभायात्रा में आकर्षक ढंग से सजी झांकियां, पारंपरिक संगीत और भक्तिमय मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के जन्म का जश्न मनाया वही नगर की समाज सेवी महिलाओं द्वारा शोभा यात्रा में श्री राम दरबार की पूजा अर्चना कर आरती की गई पुष्पों द्वारा समस्त शोभायात्रा का स्वागत किया गया। तथा श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल और आइसक्रीम की व्यवस्था कर धर्म लाभ प्राप्त किया। जिसमें मुख्य रूप से रचना पाटकर, शशि वाला त्रिपाठी, राखी पाटकर ,अमित तिवारी, उषा मिश्रा, सुधा पाटकर ,निधि पटेरिया ,मेघा खरे कुमकुम राजे, अंजली सिंह, सुनीता गुप्ता उपस्थिति रही।

### विधिक सहायता की जागरूकता के लिए लगाए जाएंगे शिविर

**कलेक्टर ने एसडीएम को दिए समय-सीमा में जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश**

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष छतरपुर में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति व उनके कार्यों, परिलक्षित क्षेत्रों का चिन्हांकन व उनमें विधिक व्यवस्था, अन्वेषण अधिकारी की नियुक्ति व अन्वेषण कार्य, विधिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की स्थिति, अन्वेषण और विचारण के दौरान यात्रा भत्ता भरण पोषण एवं मजदूरी भुगतान, जिला स्तर पर विशेष अधिकारी की नियुक्ति, अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत प्रकरणों की स्थिति में अन्वेषण चालान प्रस्तुत करने के संबंध में समीक्षा की गई। इस दौरान डीएसपी अ.जा.क. अजय रिठौरिया, लोक अभियोजन अधिकारी प्रवेश अधिकारी प्रवेश अहिरवार, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग डॉ. प्रियंका राय सहित अशासकीय सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने निर्देश दिए एससी एवं एसटी के प्रकरणों में मजबूती से जांच बिन्दु अनुसार न्यायालयों में अपना पक्ष रखें। उन्होंने कहा संबंधित पीड़ित जिनके जाति प्रमाण नही बने उनके लोक सेवा में आवेदन कराने के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम को समय सीमा में जाति प्रमाण बनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने विधिक सहायता की जानकारी के लिए जन जागरूकता शिविर लगाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि एक वर्ष में कितने फरयादी पीड़ितों को विधिक सहायता का लाभ मिला है।

## अतिकुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कराएं भर्ती : प्रभारी कलेक्टर

# टीएल बैठक में विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन सहित लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए गए निर्देश

पन्ना



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर उमराव सिंह मरावी ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई साप्ताहिक टीएल बैठक में जिला अधिकारियों के साथ विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन सहित विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों, टीएल और जनसुनवाई पत्रों तथा समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों से संबंधित शत प्रतिशत प्रकरणों का समय सीमा में प्रभावी निराकरण कर अपेक्षित प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, न्यायालयीन एवं अवमानना प्रकरणों सहित उपार्जन कार्यों की समीक्षा भी की गई। प्रभारी कलेक्टर ने न्यायालयीन मामलों में शासकीय सेवकों के विभागीय सेवा संबंधी मामलों में तत्परतापूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित कर न्यायालय संबंधी समस्त प्रकरणों में गंभीरतापूर्वक कार्यवाही की बात कही। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में विशेषकर 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के मामलों में विभागवार बेहतर ग्रेडिंग व कम प्रगति की स्थिति में सुधार के संबंध में सार्थक प्रयास व प्रकरणों का निरंतर रिव्यू कर निराकरण में तेजी लाने के लिए कहा। समस्त जनपद पंचायत सीईओ को प्राथमिकता से श्रम विभाग की शिकायतों के निराकरण के निर्देश भी दिए। प्रभारी कलेक्टर श्री मरावी ने कहा कि जिले के समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को भर्ती कर जरूरी उपचार प्रदान करने की व्यवस्था करें। जिलें में स्थित विभिन्न एनआरसी में 70 क्षमता के विरूद्ध वर्तमान में मात्र 25 बच्चों के भर्ती होने पर नाराजगी जताई और समस्त एसडीएम को भी इस संबंध में आवश्यक समन्वय एवं मॉनीटरिंग कर तीन दिवस में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित चिकित्सक एवं विभागीय अमले के माध्यम से साफ-सफाई, भोजन एवं आवश्यक उपचार के संबंध में बेहतर व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने पेंशन हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी की निकायवार प्रगति की जानकारी लेकर शेष प्रकरणों को वार्डवार टीम गठित कर अविलंब निराकरण के लिए कहा।

### विशेष अभियान में समग्र ई-केवाईसी कार्य में लाएं प्रगति

टीएल बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आगामी 30 अप्रैल तक संचालित होने वाले विशेष अभियान में समग्र ई-केवाईसी कार्य में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार समग्र ई-केवाईसी कार्य में प्रति सप्ताह की प्रोग्रेस रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने मोबाइल एप सुविधा के जरिए भी ई-केवाईसी कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त सचिव एवं रोजगार सहायक की आईडी एक्टिवेट कराने के लिए कहा। जाति प्रमाण पत्र के लंबित मामलों की समीक्षा कर समस्त एसडीएम को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके लिए डीपीसी को बीआरसी के माध्यम से कक्षा एक में अध्ययनरत समस्त बच्चों के वांछित दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत शेष प्रभावित परिवारों को अभियान के माध्यम से अथवा शिविर आयोजित कर भू-अर्जन राशि वितरण के निर्देश दिए गए। जिला क्षय अधिकारी के प्रभार में परिवर्तन के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया गया।

### छात्रावास अधीक्षकों की ड्यूटी निर्धारित करें

टीएल बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के चिन्हित 108 ग्रामों में संबंधित विभाग द्वारा अपेक्षित विभिन्न कार्यों के संबंध में क्षेत्र संयोजक को दो-दो ग्रामों में छात्रावास अधीक्षकों की ड्यूटी निर्धारित करने के संबंध में निर्देशित किया गया। अभियान के तहत शत-प्रतिशत परिवारों के जनधन बैंक खाता खोलने सहित विभागवार अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी गेहूं उपार्जन सहित चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का शेष लगभग 10 प्रतिशत सत्यापन कार्य भी तत्काल पूर्ण करें, जिससे कृषक स्लॉट बुक कर उपार्जन केन्द्रों पर सुगमतापूर्वक समर्थन मूल्य पर फसल का विक्रय कर सकें।

### निरंतर संचालित हो जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य

प्रभारी कलेक्टर ने जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संचालित गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर जलदूत पंजीयन में विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए आगामी दिवसों में भी तत्परता से युवाओं के पंजीयन के निर्देश दिए। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को प्रति नगरीय निकायवार 500 जलदूत पंजीयन कराने के निर्देश दिए। साथ ही इस प्रदेशव्यापी अभियान में आमजनों की सहभागिता से प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन की अपेक्षा की। जन अभियान परिषद सहित प्रमुख रूप से ग्रामीण आजीविका मिशन एवं जल संसाधन व वन विभाग के अधिकारियों को निरंतर रूप से जल स्त्रोतों के संरक्षण कार्य संबंधी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय जनप्रतिधियों की सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कहा। पोर्टल पर विभिन्न गतिविधियों की ऑनलाइन एंट्री और वृहद रूप में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित कराने के लिए भी कहा। बैठक में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम, एसडीएम संजय नागवंशी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर श्री जुगल किशोर मंदिर में हुआ प्राकट्य पर्व का आयोजन

पन्ना।





संस्कृति विभाग द्वारा इस वर्ष भी रामनवमी पर स्थानीय जुगल किशोर मंदिर में प्राकट्य पर्व का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से हुए कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। रविवार को श्री रामनवमी की संध्या पर संपन्न हुए कार्यक्रम में सागर, भोपाल एवं मुम्बई के कलाकार दलों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में समा बांधा। इस दौरान भगवान श्रीराम के जीवन एवं घटनाओं पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित बुन्देली लोकगायन, भक्ति गायन और राम की शक्ति पूजा पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति हुई। अतिथियों द्वारा कलाकारों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थितजनों को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि धार्मिक नगरी पन्ना में इस तरह के कार्यक्रम से नगर को विशेष पहचान मिली है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम सराहनीय हैं। महाशिवरात्रि, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, रथ यात्रा सहित छत्रसाल जयंती पर भी ऐसे कार्यक्रम से नगरवासियों को अपनी कला, संस्कृति और परम्परा से जुड़ने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष मुख्यमंत्री के पन्ना आगमन पर की गई विभिन्न विकास कार्यों की घोषणानुसार सभी विकास कार्य कराए जाएंगे। पूर्व मंत्री ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत कैनाल के माध्यम से पहाड़ीखेरा तक पानी पहुंचाने का प्रयास है। सभी चंदेलकालीन तालाबों के जीर्णोद्धार सहित पेयजल की समस्या का भी समाधान किया जाएगा। मड़ला से मनौर तक एलीवेटेड रोड की सौगात मिलने के साथ ही अब डायमंड पार्क एवं डायमंड म्यूजियम का कार्य भी शुरू कराया जाएगा। जुगल किशोर महालोक की टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। इसका काम भी शीघ्र प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव सहित विष्णु पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## गुनौर विधायक का निरंतर प्रयास से ककरहटी में उपार्जन केंद्र खोला जाएगा



गुनौर। विधानसभा गुनौर के ऊर्जावान विधायक, डॉक्टर राजेश वर्मा, हमेशा अपनी सेवाओं के लिए जनता के बीच रहते हैं और उनके समस्याओं का समाधान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। वे राजनीति से परे, एक समाजसेवी के रूप में कार्य करते हैं और हर समय जनता के साथ रहते हुए उनके मुद्दों को सुनते हैं। उनका नेतृत्व दृढ़ और प्रेरणादायक है, जिससे जनता में उनके प्रति गहरा विश्वास और सम्मान है। आने वाले समय में, उनकी पूरी जनता चाहती है कि उन्हें मंत्री बनाया जाए, ताकि वे और भी अधिक प्रभावी तरीके से जनता की सेवा कर सकें। गुनौर विधानसभा अंतर्गत ककरहटी नगर परिषद में प्रतिवर्ष उपार्जन केंद्र खोला जाता है, जो किसानों के लिए आवश्यक होता है। लेकिन इस वर्ष, 2024 के खरीफ सीजन में, उपार्जन केंद्र नहीं खोला गया। इस कारण, किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए 20 से 25 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय जनता ने जिला स्तर पर लिखित आवेदन भी दिए, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। डॉक्टर राजेश वर्मा ने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया और खाद्य मंत्री से इसे लेकर जवाब मांगा। मंत्री ने इस प्रश्न को गंभीरता से सुना और जल्द ही उपार्जन केंद्र खोलने का आदेश दिया। अब, गुनौर विधायक के अथक प्रयासों के कारण ककरहटी में उपार्जन केंद्र खोला जाएगा, जिससे किसानों को 20-25 किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा और उनकी परेशानी समाप्त हो जाएगी। गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा का यह प्रयास न केवल किसानों के लिए राहत का कारण बनेगा, बल्कि यह उनके नेतृत्व की प्रतिबद्धता और जनता के प्रति उनके समर्पण को भी दर्शाता है।

## सलेहा की सड़कों के गड्ढों में भरी रहती है नालियों की गंदगी

**दुर्गंध के कारण रहवासियों व राहगीरों को हो रही परेशानी**



**पन्ना।** कस्बा के मुख्य बजार में गंदगी का अंबार लगा रहता है। जगह-जगह गड़कों के गड्ढों में नालियों की गंदगी भरी रहती है। सलेहा में इस महा लापरवाही पर जिम्मेदार मौन हैं। इसके अलावा जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहते हैं, जिससे दुर्गंध तो फैल ही रही है, अब गर्मियों में बीमारियां फैलने की आशंका है। सलेहा तिराहा पर बीच सड़क में कई गड्ढे हैं जिनमें घरों से निकलने वाली गंदगी भरी रहती है। रास्ते से गुजरने वाले वाहनों के पहियों से यह गंदगी लोगों पर उछल जाती है जिससे विवाद भी होते हैं। सफाई के मामले में सलेहा कस्बा मध्यप्रदेश में सबसे पिछड़ा बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के द्वारा इसका जिम्मेदार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों

## लाठी-डंडों व पत्थरों से किया हमला, बेहोशी की हालत में खेत में फेंका, अब शिकायत वापसी के लिए दबाव बना रहे आरोपी

**चंदौरा चौकी पुलिस पर पक्षपात के आरोप, पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा शिकायती आवेदन**



**पन्ना।** फरियादी नंद पाल पिता विद्यानंद लोध उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी ग्राम चंदौरा थाना अजयगढ़ ने पुलिस अधीक्षक पन्ना के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि 07 मार्च 2025 को रात्रि करीब 10.30 बजे (बालू) डंप से मजदूरी कर घर लौट रहा था जैसे ही अरविन्द एवं नत्थू के घर के पास पहुंचा तो उनका कुत्ता भौंकने लगा, आवाज देकर कुत्ते को रोकने की बात कहने पर अनावेदकगण अरविन्द लोध और नत्थू लोध ने पत्थरों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे वह बेहोश हो गया। जिसे हमलावरों ने मृत समझ कर उठाकर खेत में फेंक दिया, ग्रामीणों की सूचना पर परिवार के लोग घायल को बेहोशी की हालत में चंदौरा चौकी ले गये जहां केवल एक सैनिक मौजूद था जिसने कहा कि यहां कोई अधिकारी नहीं है अभी इसे अजयगढ़ अस्पताल ले जाओ। तब परिवार के लोग एम्बुलेंस से घायल को अजयगढ़ अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल पन्ना रेफर कर दिया गया, 3 दिन पन्ना अस्पताल में भर्ती रहने पर होश नहीं आया। तब परिवार के लोग बांदा मेडिकल कॉलेज ले गये वहां भी होश नहीं आया, तब प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया, 13 मार्च 2025 को होश आने पर पूरी घटना की जानकारी दी। अस्पताल से छुट्टी के बाद चंदौरा चौकी पहुंचे जहां से पुलिसकर्मी आवेदक को लेकर अजयगढ़ थाना रिपोर्ट करवाने ले गये। लेकिन वहां जैसी रिपोर्ट लिखवाई वैसी नहीं लिखी गई। फरियादी ने बताया कि चंदौरा चौकी पुलिस मामूली धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला निपटाना चाहती है। वहीं दूसरी ओर आरोपियों के द्वारा फरियादी पक्ष को जान से मारने की धमकी देते हुए शिकायत वापसी के लिए दबाव बनाया जा रहा है। फरियादी ने पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने लगाए हत्या के आरोप, जांच व कार्रवाई की मांग





**अजयगढ।** थाना क्षेत्र के वीरा चौकी अंतर्गत ग्राम पिष्टा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में मृतका प्रियंका पाण्डेय के पति अवध पाण्डेय का कहना है कि उसकी पत्नी प्रियंका पाण्डेय उम्र लगभग 26 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते 6 अप्रैल 2025 को शाम लगभग 4 बजे घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पिता ने जब दोनों बच्चों को रोता हुआ देख कर पहुंचे तो बहू को फांसी के फंदे पर लटका देख कर घर वालों को बताया, किसी तरह प्रियंका को फांसी के फंदे से उतार कर खाट में लिटा कर पुलिस को सूचना दी गई। वहीं मृतका के भाई अवध नारायण दुबे निवासी ग्राम बछौन ने बताया कि उसकी बहन ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या की गई है। आगे बताया कि लगभग 5 साल पूर्व जब से उसकी बहन की शादी अवध पाण्डेय के साथ हुई है ससुराल के लोग उसे लगातार प्रताड़ति करते रहे और मारपीट करते रहे, मायके जाने पर भी उसे जेवर पहनने को नहीं देते थे और बच्चों को भी साथ नहीं भेजते थे जिससे बहन प्रियंका के हृदय में गहरी पीड़ा थी, लेकिन वह सब कुछ सहते हुए भी सब निभा रही थी, बहन की मृत्यु की सूचना मिलने पर जब हम पहुंचे तो बहन का शव चारपाई पर रखा हुआ था जिसके शरीर में कहीं भी फांसी के लक्षण नहीं दिखे ना ही गर्दन की हड्डी या नसों में कोई ऐसी स्थिति दिखी, ना उसकी जीभ बाहर निकली, ना मुट्ठी बंद हुई और ना ही उसने कोई मल मूत्र त्यागा, इसके अलावा पूरे शरीर में मारपीट के निशान दिख रहे हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि उसने आत्महत्या नहीं बल्कि उसकी बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या करने के बाद साजिश के तहत आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। मृतिका के भाई अवध नारायण दुबे ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग उठाई है। आज 7 अप्रैल 2025 को वीरा चौकी प्रभारी रवि सिंह जादौन की उपस्थिति में पीएम उपरांत मृतिका का शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है और पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## तेज रफ्तार बाइक चालक भैंस से टकराया, गिरकर मौके पर हुई मौत





**अमानगंज** किशनगढ़ छतरपुर सड़क मार्ग पर बीती रात एक आदिवासी युवा जो अमानगंज से अपने गांव कमताना की ओर मोटर बाइक से तेज रफ्तार में जा रहा था और बाइक के सामने अचानक एक भैंस आ गई जिससे वह सीधा जा टकराया और गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना उसके परिजनों को घटना के काफी देर बाद लगी जो मौके पर पहुंचे और उसे घटना स्थल से उठाकर घर की ओर ले गए तब गांव वालों ने मृतक के परिजनो को समझाया और उनके समझाने के बादकाफी समय वीत जाने के बाद 108 एंबुलेंस के माध्यम बह उसे अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु लेकर पहुंचे जहा खंड चिकित्सा अधिकारी ने उसकी जांच की और उसे मृत घोषित किया घटना में युवक घटनास्थल पर काफी देर पड़ा रहा जिससे मौके पर ही उसका सारा खून बह गया और संभवत मौके पर ही उसकी मौत हो गई उसकी नाक और माथे के बीचों बीच जबरदस्त चोट लगी जिससे बचने की उम्मीद कम होती है मृतक का नाम रजत आदिवासी पिता कमलेश आदिवासी उम्र बीस वर्ष बताया सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मावली में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया नवरात्रि का कितना महत्वपूर्ण त्योहार और गरीब आदिवासी परिवार पर इतना बड़ा दुख टूट पडने से सारे समाज और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## खबर संक्षेप



### हिनौता पुलिस ने मारपीट के इनामी वारंटी को दबोचा

**हिनौता।** पुलिस ने मारपीट के तीन मामलों में फरार चल रहे इनामी वारंटी ठोकीया उर्फ हंसराज पिता बलदाऊ अहिरवार को गिरफ्तार किया है। ग्राम हिनौता निवासी यह आरोपी वर्ष 2020 के दो और 2021 के एक मारपीट के प्रकरण में वांछित था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर चलाए जा तलाशी अभियान के तहत हिनौता पुलिस ने आरोपी को धर-दबोचा। न्यायालय ने वर्ष 2022 में उसके खिलाफ तीनों मामलों में स्थाई वारंट जारी किया था और एसपी ने उस पर इनाम घोषित किया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार था जिसे गुप्ता सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

### 9 एवं 23 अप्रैल को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का होगा आयोजन

**छतरपुर।** म.प्र.विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार जिला छतरपुर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन सटई रोड पर स्थित अधीक्षण अभियंता (सं/सं) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. कार्यालय छतरपुर में बुधवार 9 अप्रैल एवं 23 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. छतरपुर ने अपील की है कि विद्युत उपभोक्ता नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर शिकायत निवारण शिविर में अपनी शिकायतों को दर्ज करवाकर शिकायतों का निराकरण करा सकते हैं।

### गौरिहार में निकली भव्य रामनवमी शोभायात्रा

**भगवान के प्रकाट्योत्सव पर राममय हुआ गौरिहार**

**छतरपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के पावन अवसर पर गौरिहार में भगवान श्रीराम के प्रकाट्योत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते श्रद्धा और उल्लास से शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम, सीता माता और बजरंगबली की भव्य झांकियाँ आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। यात्रा की शुरुआत ग्राम पंचायत के पास स्थित हनुमान मंदिर से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों-तहसील, बस स्टैंड और थाना परिसर से होते हुए निकली। यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए, जहां स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों और व्यापारियों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा जब थाना परिसर पहुंची, तो वहां थाना प्रभारी संदीप दीक्षित ने स्वयं राम भक्तों का स्वागत किया और श्रीराम की झांकी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। शांति व्यवस्था को लेकर थाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। थाना प्रभारी सहित पुलिस बल का समस्त स्टाफ शोभायात्रा के आगे-पीछे सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## अज्ञात कारणों से खेत में लगी आग, जलकर खाक हुई लाखों की फसल



**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना अंतर्गत ढिलापुर गांव में शनिवार को एक किसान के खेत में भीषण आग लगने से करीब पांच एकड़ भूमि की फसल जलकर खाक हो गई। यह खेत गौरीशंकर पटैरिया का है, जो हतना मौज क्षेत्र के अंतर्गत आता है। घटना दोपहर करीब 1 बजे की है जब खेत में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया और पूरी फसल जलकर राख हो गई। किसान मदन गोपाल पटैरिया ने बताया कि आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं किसान हरिचरण कुशवाहा ने बताया कि वह खेत पर काम कर रहा था। दोपहर के समय खाना खाने घर गया था, उसी दौरान यह हादसा हो गया। जब तक आसपास के लोग पहुंचते, तब तक आग ने पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार डेढ़ से दो लाख रुपए तक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

## हरपालपुर में धूमधाम से निकली रामनवमी की शोभायात्रा

## भव्य झांकियां और धमाल बैंडों ने मोहा मन, रामभक्ति में झूमे श्रद्धालु


हरपालपुर।



रामनवमी के अवसर पर हरपालपुर नगर में श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। रविवार की दोपहर पुरानी गल्ला मंडी स्थित धनुषधारी मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसके पश्चात नारायण आश्रम छोटी कुटी से शोभायात्रा की भव्य शुरुआत हुई, जिसने पूरे नगर का भ्रमण किया।

रामभक्ति से सराबोर इस शोभायात्रा में गाजे-बाजे के साथ रामभक्त थिरकते नजर आए, और हाथों में भगवा ध्वज लहराते हुए जय श्रीराम के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। शोभायात्रा में श्रीराम, भोलेनाथ और रामदरबार की आकर्षक झांकियां लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में शामिल विभिन्न बैंड और सांस्कृतिक दलों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। शंकर पंजाबी ढोल मुस्कुरा, मस्ताना धमाल बैंड नौगांव, परशु धमाल पार्टी हरपालपुर, श्याम मासिक बैंड दिल्ली, दल-दल घोड़ी उमरई और भांगड़ा दल ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जिम्मा पुलिस प्रशासन ने बखूबी संभाला। टीआई पुष्पक शर्मा स्वयं पुलिस बल के साथ पूरे कार्यक्रम की निगरानी में जुटे रहे, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

## फेल होने के डर से दसवीं की छात्रा ने निगली जहरीली दवा, इलाज के दौरान मौत



**छतरपुर।** परीक्षा में फेल होने के डर से दसवीं कक्षा की छात्रा ने जहरीली दवा का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत छात्रा का नाम रोशनी पुत्री अच्छेलाल अहिरवार उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम बिजौरी थाना अजनर उत्तरप्रदेश है, जो कि छतरपुर जिले के नौगांव में किराए के मकान में रहकर दसवीं की पढ़ाई कर रही थी। रोशनी ने हाल ही में 10वीं की परीक्षा दी थी। दो दिन पहले वह अपने गांव बिजौरी गई थी। रविवार को जब उसके परिजन खेत पर काम कर रहे थे, उसी दौरान उसने घर में चूहा मारने वाली जहरीली दवा खा ली। परिजनों ने शाम को उसे घर में उल्टियां करते देखा, तो नौगांव अस्पताल ले गए। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां सोमवार सुबह करीब 5 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।जिला अस्पताल की चौकी पुलिस ने मृतका का पंचनामा तैयार कर बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, अजनर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रोशनी के चाचा शैलेंद्र अहिरवार ने बताया कि रोशनी पढ़ने में ठीक थी, लेकिन वह अपने परीक्षा परिणाम को लेकर काफी तनाव में थी। उसे डर था कि वह पास नहीं हो पाएगी, संभवतः इसी डर के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी का निलंबन से बहाल, छतरपुर में यथावत की गई पदस्थापना

**छतरपुर।** छतरपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. गुप्ता को निलंबन से बहाल कर दिया गया है। कार्यालय कमिश्नर सागर संभाग, सागर ने सोमवार को जारी आदेश में उन्हें यथावत छतरपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पद पर पदस्थ किया है।डॉ. गुप्ता को मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के तहत मार्च में आरोप पत्र जारी किया गया था। उनके जवाब को असंतोषजनक मानते हुए 28 मार्च को निलंबित कर दिया गया था और उनका मुख्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, सागर संभाग नियत किया गया था। निलंबन के बाद डॉ. गुप्ता ने 2 अप्रैल को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**छतरपुर।** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ एसपी अगम जैन के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने टौरिया मोहल्ले के निवासी राज उर्फ एक टाइम, पिता भगवानदास अहिरवार को महोबा रोड स्थित मुक्ति धाम के पास से अवैध कट्टे के साथ पकड़ा है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई हे। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध हथियारों और अपराध पर लगाम कसने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**छतरपुर।** जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम गहरवार में रविवार शाम को एक 55 वर्षीय किसान ने खेत पर पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गुलाब सिंह पुत्र पिता परम यादव, निवासी ग्राम गहरवार के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक गुलाब सिंह रविवार को खेत पर काम करने गए थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। जब घरवाले खेत पहुंचे तो देखा कि वह एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके हुए हैं। तुरंत गांववालों की मदद से उन्हें ईशानगर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना ईसानगर थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। मृतक के बेटे कुलदीप यादव ने बताया कि उनके पिता खेत पर काम करने गए थे, लेकिन क्यों फांसी लगाई इसका कोई पता नहीं चल सका है। ईशानगर थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि किसान द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर डॉक्टर आशीष शुक्ला ने बताए सेहतमंद रहने के उपाय




**छतरपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ. आशीष शुक्ला ने लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के प्रभावी उपाय बताए। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अगर हम थोड़ी सी सावधानी और संयम अपनाएं, तो लंबे समय तक बीमारियों से दूर रह सकते हैं। डॉ. शुक्ला ने जनता को विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन को सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि एक प्रेरणा मानकर हमें पूरे वर्ष अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए।

डॉ. शुक्ला ने कहा कि सेहतमंद रहने के लिए हम अच्छा खानपान रखें, और शरीर को जरूरी पोषण दें। रोजाना कम से कम 8 घंटे की नींद लें, ताकि शरीर और दिमाग दोनों को पर्याप्त विश्राम मिल सके। तनाव से दूर रहें, चिंता न करें। मानसिक शांति भी शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। रोजाना सुबह-शाम कम से कम एक घंटा योग और व्यायाम करें। जंक फूड के सेवन से बचें और इसके स्थान पर फल, हरी सब्जियां और सलाद का सेवन करें। उन्होंने कहा कि पहले लोग घर में बना शुद्ध भोजन खाते थे, जिससे वे कम बीमार होते थे। हमें भी अपने पुराने खानपान के तरीके को अपनाना चाहिए। डॉ. शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य सिर्फ डॉक्टरों की जिम्मेदारी नहीं, हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के लिए खुद जिम्मेदार बनना चाहिए। जितना हम खुद को समझदारी से संभालेंगे, उतने ही स्वस्थ रहेंगे।

## छतरपुर में आसमान से बरस रही आग, पारा पहुँचा 42 डिग्री के पार

### गर्मी से बेहाल लोग मुंह पर गमछा बांधकर निकलने को मजबूर



**छतरपुर।** जिले में गर्मी ने अब अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। खजुराहो मौसम केंद्र के मुताबिक शनिवार की दोपहर में छतरपुर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है तथा आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोत्तरी की आशंका है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है।

सोमवार की दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा और तपिश दोनों देखने को मिले। गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को झुलसा रहे हैं। लोग ज़रूरी काम से ही घर से बाहर निकल रहे हैं और निकलते समय भी गमछा, टोपी या तौलिया से चेहरा ढंकना नहीं भूल रहे। राहगीर पवन अहिरवार ने बताया कि दोपहर में बाहर निकलना बेहद मुश्किल हो गया है। गर्मी इतनी ज्यादा है कि सिर पर धूप सीधे आग की तरह लगती है, कुछ दूरी भी पैदल चलो तो सिर दर्द और चक्कर जैसा महसूस होता है। स्थानीय प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों को सचेत रहने की सलाह दी है। छतरपुर में गर्मी के बढ़ते कहर को देखते हुए आने वाले दिनों में लोगों को और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

### शहर में बढ़ी देशी फ्रिज की मांग



गर्मी के मौसम में बाजार में देशी फ्रिज कहे जाने वाले मटके की मांग तेजी से बढ़ गई है। बुंदेलखंड में मशहूर ये मटके न सिर्फ पानी को ठंडा रखते हैं, बल्कि फ्रिज के मुकाबले जल्दी प्यास बुझाने के लिए भी जाने जाते हैं। मटके का पानी पीने के कई स्वास्थ्य लाभ हैं, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। बाजार में मटकों की बिक्री जोरों पर है और जगह-जगह दुकानें सज गई हैं। आम मटकों के साथ-साथ आधुनिक मटके भी लोकप्रिय हो रहे हैं, जिनमें नल लगे होते हैं। इनकी कीमत 50 रुपये से लेकर 300 रुपये तक है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि गर्मी बढ़ते ही खरीदारी में जबरदस्त उछाल आया है।

## सौरभ शर्मा की जमानत के विरोध में कांग्रेस ने किया उग्र प्रदर्शन

### रैली निकाल की पुतला जलाने की कोशिश, पुलिस से हुआ टकराव

छतरपुर



मध्य प्रदेश के बहुचर्चित सौरभ शर्मा मामले में उसे लोकायुक्त कोर्ट से जमानत मिलने के विरोध में छतरपुर में कांग्रेस ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस फैसले को सरकार की मिलीभगत का नतीजा बताते हुए सड़कों पर उतरकर अपना गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शन के दौरान कोतवाली पुलिस के साथ झड़प हुई, जिसमें पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी ने छतरपुर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। प्रदर्शन की शुरुआत कांग्रेस कार्यालय से हुई, जहां से कार्यकर्ता और पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए छत्रसाल चौक की ओर बढ़े। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। छत्रसाल चौक पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला जलाने का प्रयास किया। हालांकि, कोतवाली पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए पुतला छीन लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमा-झटकी हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का सहारा लिया और प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार कर दी। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल ने कहा कि सौरभ शर्मा मामले में सरकार के लोगों की मिलीभगत साफ दिख रही है। इस मामले की गहराई तक जांच होती तो कई बड़े नाम सामने आ सकते थे, लेकिन ऐसा होने से पहले ही सौरभ को लोकायुक्त कोर्ट से जमानत दे दी गई। यह प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली सरकार का असली चेहरा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं की, तो कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष महाप्रसाद पटेल के अलावा वरिष्ठ कांग्रेस सरमन लाल मिश्रा, जिला प्रवक्ता संतोष तिवारी, सियाराम रावत, अवधेश सोनकिया, विशाल शर्मा, विवेक अग्रवाल, कांग्रेस आईटी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपांशु यादव, शिव सिंह यादव, हरनारायण यादव, देवेंद्र अरजरिया, मंजू शर्मा, पाशा सिद्दीकी, कपिल रिछारिया, विशाल शर्मा, कृष्णकांत पटेल, लक्ष्मण पटेल, शुभम दुबे, शुभम तिवारी, आदर्श रावत, नरेश पटेल, राजबहादुर सिंह, जानकी कुशवाहा, शशांक गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## पौधरोपण कर अर्बन फोरेस्ट विकसित करें नगरीय निकाय, टीएल बैठक में कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिए दिशा-निर्देश

छतरपुर



सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, अनुविभागीय अधिकारी, जनपदा सीईओ, सीएमओ नगरीय निकाय सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने समय सीमा के प्रकरणों को देखा और निराकरण के लिए निर्देशित किया। साथ ही डुप्लीकेट समग्र में सीईओ छतरपुर को विलोपन कराने के लिए निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों में सभी एसडीम को हफ्ते में बैठक लेकर समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को समन्वय से कार्य कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पूर्व में स्वीकृत अपूर्ण खेत तालाब, अमृत सरोवर 2.0 अंतर्गत नवीन स्वीकृत खेत तालाब के निर्माण, कुआं रिचार्ज के कार्य, ऐतिहासिक तालाबों, जल स्त्रोतों एवं देवालयों की सफाई एवं जीर्णोद्धार आदि के कार्यों की समीक्षा करते हुए और जनपद सीईओ को अधिक कार्य लेने एवं तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही जल संसाधन विभाग को नहरों एवं बांधो के एरिया को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं नहरों अंतिम छोर पर कि.मी स्टोन निर्मित करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएचई विभाग को समस्त एकल नल जल परियोजनाओं की जियो टेगिंग, पेयजल स्त्रोतों के संरचना निर्माण, पाइप लाइन लीकेज व टपकते नल सुधारना एवं उद्यानिकी विभाग को स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सुविधा प्रदान करने पौधारोपण के लिए पौधे आदि कार्यों के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान कार्य की समीक्षा नही करने पर पीओ डूडा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका छतरपुर के उजड़े बाग बगीचों को हरित में बदलने के लिए शहर के बीच एक जमीन को चिन्हित कर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य निकायों को भी पौधरोपण कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नल पाइप लाइन सुधारने संबंधी आदि के कार्यों को करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने नपा बिजावर को पार्कों के सुधार कार्य करने एवं अर्बन फॉरेस्ट्री विकसित करने, नपा चंदला को जीर्णोद्धार होने योग्य तालाबों को चिन्हित कर कार्य कराने, साथ ही बारीगढ़ में जगह चिन्हित कर शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। महाराजपुर निकाय अंतर्गत अतिक्रमण को मुक्त कराकर फॉरेस्ट्री विकसित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि शालाओं में पानी की टंकी की व्यवस्था कराएं। उन्होंने जन अभियान परिशद को जल संरक्षण के लिए निरंतर जन चौपालों एवं जन जागरुकता कार्य चलाने के लिए कहा। साथ ही राजस्व विभाग को अमृत सरोवर और तालाबों को अभिलेख में दर्ज करने के लिए कहा। उन्होंने इस अभियान एसडीएम, जनपद सीईओ एवं सीएमओ को सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि को अनुपस्थित होने एवं बैठक में उपस्थित हुए प्रतिनिधि द्वारा अभियान की सही जानकारी न देने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### उपार्जन केन्द्र पर सभी व्यवस्थाएं रहे सुनिश्चित

फसल उपार्जन केन्द्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्याप्त वारदानों, एफएक्यू, पानी, टैंक, ऑपरेटर एवं भुगतान पत्रक आदि सुनिश्चित कर और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने घुवारा, छतरपुर, गौरीहर एवं बिजावर अंतर्गत राजस्व अधिकारियों को शतप्रतिशत उपार्जन पंजीयन के सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

### शॉकोज और पेनाल्टी लगाने के निर्देश

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों में कृषि विभाग की खराब स्थित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि 1-1 व्यक्ति के बात शिकायतों को बंद कराएं। साथ ही राजस्व विभाग की नॉन अटेंडेड शिकायतें होने एवं डी ग्रेड में होने पर संबंधित राजस्व अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 500 एवं 1000 दिवस की लंबित शिकायतों को गंभीरता से देखते हुए बंद कराने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए और आगामी समाधान ऑनलाइन की चयनित शिकायतों जिसमें प्रसूति सहायता, बिजली, जल जल योजना, पीएम आवास ग्रामीण की शिकायतों को प्राथमिकता से बंद कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने सीएम हाउस एवं सीएम मॉनिट की शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित शिकायतों के प्रतिवेदन प्राथमिकता से भेजने के निर्देश दिए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अंतर्गत समय सीमा से बाहर होने पर लंबित आवेदन में दो लोगों पर पेनाल्टी अधिरोपित करने के निर्देश दिए।

### ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के निर्देश

कलेक्टर ने समग्र ई केवाईसी की समीक्षा करते हुए पीओडूडा को निकायों से प्रतिदिन प्रगति की रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही लागू ई ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के अधिकारीयों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों की ईमेल आईडी बनवाएं। जो ऑफिस में ऑन बोर्ड होना है। उन्होंने कहा सभी अधिकारी इसे फॉलो करें इसके माध्यम से विभागों की फाइल्स ऑनलाइन आगे बढ़ेंगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं ड्रग इंस्पेक्टर को नमूने लेने और प्रभावी कार्यवाही के निर्देश, कम प्रगति पर वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

### सिविल सर्जन को ऑक्सीजन पाइप लाइन के संबंध में नोटिस

कलेक्टर ने खाद्य एवं औषधि मानकों के तहत प्राप्त किए गए नमूनों की समीक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति नही होने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी की कारण बताओ नोटिस जारी कर क्यों न एक वेतन वृद्धि रोकी जाए। कलेक्टर ने ड्रग इंस्पेक्टर को भी निरंतर नमूने लेने की कार्यवाही करने और विशेषरूप से सैंपलिंग फेल होने पर कार्यवाहियां करने के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम को निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अनुपस्थित डीएचओ की एक दिन के अवैतनिक करने के निर्देश एवं सिविल सर्जन को वार्डो में ऑक्सीजन पाइप लाइन के प्रकरण में शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए।

# सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक की शिकायतें हर हाल में निराकृत करने के निर्देश, गेंहू उपार्जन तथा पेयजल आपूर्ति के लिए समुचित प्रबंध करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का हर हाल में निराकरण करें। अधिकारी स्वयं आवेदनों का परीक्षण करके उनमें समुचित कार्यवाही करें। आवेदक से चर्चा करके संतुष्टिपूर्वक प्रकरण निराकृत करें। समाधान आनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में भी लंबित सीएम हेल्पलाइन की दो हजार से अधिक शिकायतों का तीन दिवस में निराकरण करें। ऊर्जा, खाद्य, राजस्व, ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय, श्रम, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी समाधान आनलाइन में लंबित आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सभी एसडीएम पटवारियों की ड्यूटी लगाकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में प्रतिवेदन दर्ज कराएं। खसरे में सुधार तथा नामांतरण के आवेदनों का तत्परता से निराकरण कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि गत तीन दिवसों में सीएम हेल्पलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित 655 शिकायतों का निराकरण किया गया है। शेष प्रकरणों पर भी तत्परता से कार्यवाही करें। जिन विभागों के प्रकरण सीएम हेल्पलाइन में बड़ी संख्या में लंबित हैं उनकी समीक्षा बैठक 11 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से आयोजित की जा रही है। सभी अधिकारी लंबित प्रकरणों के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। कलेक्टर ने सीएम



हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में समुचित ध्यान न देने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल को बिजली की आपूर्ति, बिजली बिलों में सुधार तथा ट्रांसफार्मर बदलने के आवेदनों का तीन दिवस में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में विभाग की ग्रेडिंग में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला योजना समिति की 17 अप्रैल को बैठक प्रस्तावित है। सभी अधिकारी गत बैठक के निर्देशों पर कार्यवाही तथा निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी दो दिवस में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित भी रहें। जिले भर में समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन शुरू हो गया है। जिला प्रबंधक सहकारी बैंक, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। खरीदी केन्द्र में उपार्जित गेंहू की तौल, स्टेग लगाने तथा समुचित भण्डारण की भी व्यवस्था करें। सभी खरीदी केन्द्रों में आगामी 15 दिनों की खरीद के लिए बारदाना उपलब्ध करा दें। कलेक्टर ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ पेयजल से जुड़ी शिकायतें बढ़ने लगी हैं। कार्यपालन यंत्री पीएचई, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सभी बसाहटों में पेयजल की समुचित आपूर्ति की व्यवस्था करें। खराब हैण्डपंपों के सुधार तथा बंद नलजल योजनाओं को चालू करने के लिए अभियान चलाएं। जो नलजल योजनाएं पूरी हो गई हैं उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करके उनका नियमित संचालन सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम और तहसीलदार फार्मर रजिस्ट्री निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कराएं। जिले के सभी बसाहटों में आवागमन की सुविधा देने के लिए सम्पर्कता एप में समुचित जानकारी तय समय सीमा में दर्ज कराएं। समग्र पोर्टल में ई केवाईसी तथा खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी का कार्य भी 15 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। सभी एसडीएम इसकी नियमित समीक्षा करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रीवा-सीधी सड़क के फोरलेन में उन्नयन से संबंधित भू अर्जन के प्रस्ताव शीघ्र निराकृत करें। कलेक्टर ने कहा कि ई आफिस के संबंध में ई मेल बनाकर निर्धारित प्रपत्र में दो दिवस में जानकारी प्रस्तुत करें। जो कार्यालय ई आफिस में आनबोर्ड हो गए हैं वे अब आनलाइन माध्यम से ही फाइलों का परिचालन करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य शुरू कराएं।बॉक्स बैठक में ये रहे उपस्थित बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दस अप्रैल से रीवा-मुंबई की बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन




**रीवा।** रीवा और मुंबई के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को रेलवे ने एक बड़ी राहत दे दी है। रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल के बीच 12 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जिसकी शुरुआत 10 अप्रैल से हो रही है। इस ट्रेन के चलने के बाद रीवा से मुंबई के बीच सप्ताह में दो ट्रेनें हो जाएगी। बताया गया है कि यह स्पेशल ट्रेन क्रमांक 02187 हर गुरूवार को शाम 3.50 बजे रीवा से रवाना होगी। ट्रेन क्रमांक 02188 शनिवार को सुबह 9 बजे के आसपास रीवा पहुंचेगी। रीवा से बांद्रा के बीच एक स्पेशल ट्रेन इस समय चल रही है, जो शुक्रवार को सुबह रीवा पहुंचती है और उसी दिन दोपहर साढ़े 11 बजे बांद्रा के लिए रवाना हो जाती है। बताया गया है कि जो स्पेशल ट्रेन रीवा और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल के बीच 10 अप्रैल से चलने वाली है वह पूर्व में चलती थी। लेकिन दिसंबर माह में इस ट्रेन को स्थगित कर दिया गया था। सूत्रों की मानें तो इस स्पेशल ट्रेन के चलने से रीवा से मुंबई तक की यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। वैसे भी यह स्पेशल ट्रेन रेलवे को अच्छा खासा राजस्व दे रही थी।

### कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी, डिप्टी सीएम अटलकुंज में मनाया गया पार्टी का 46वां स्थापना दिवस



**रीवा।** भाजपा स्थापना दिवस पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन अटल कुंज में किया गया। इस अवसर पर सांसद, विधायक मौजूद रहे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। देश की जनता नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर ही विश्वास कर रही है। आज हमारा एक-एक कार्यकर्ता बूथ से लेकर घर तक स्थापना दिवस मना रहा है। श्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के साथ लगभग 11 वर्षों में देश को एक राष्ट्र विधेयक वक्फ संसोधन विधेयक एक राष्ट्र एक सब्सक्रिप्शन, आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रूपए कर करदाताओं को कर से राहत जैसे कई बड़े निर्णय कर देश को निर्णायक प्रगति की ओर बढ़ाया है। देश की जनता प्रधानमंत्री के इस योगदान को कभी नहीं भूलेगी। सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। श्री मिश्र ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कार्यों एवं संघर्षों के बारे में भी कार्यकताओं को बताया और जनसंघ के गठन एवं उसके इतिहास के बारें में विस्तृत चर्चा की। संगोष्ठी में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा की 21 अक्टूबर 1951 जनसंघ की स्थापना व 6 अप्रैल 1980 में भाजपा की स्थापना हुई। पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेई पार्टी के प्रथम अध्यक्ष बने। श्री गुप्ता के कहा कि यह कार्यकर्ताओं का ही संघर्ष एवं सतत प्रयास है कि वर्ष 1980 में भाजपा की स्थापना के दो लोकसभा सीटों से शुरू होने के साथ आज देश में राज कर रही है। कार्यक्रम के अंत में जनसंघ के समय से कार्य कर रहे पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार एवं राजभान सिंह का सम्मान किया गया।बॉक्स ये रहे उपस्थितसंगोष्ठी में पूर्व पूर्व सांसद देवराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, विधायक इंजी नरेंद्र प्रजापति, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, ननि अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम जयन्त खन्ना, चन्द्रशेखर तिवारी, कल्पना श्रीवास्तव मनीषा पाठक, रिपुदमन सिंह, कमल सोनी, परमजीत सिंह डंग, मुजीब खान, बुद्धसेन नापित, कमलेश सचदेवा, कैलाश कोटवानी ममता गुप्ता, अशोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मैहर से दर्शन कर लौट रही मैजिक ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, आधा दर्जन घायल, रायपुर कर्चुलियान के पास हुआ हादसा



**रीवा।** जुले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल प्लाजा के समीप मैजिक आटो में सवार मैहर से दर्शन कर वापस लौट श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए जब वो मैहर से मुंडन करा वापस लौट रहे थे, रायपुर कर्चुलियान के पास मैजिक आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में आटो सवार आधा दर्जन लोग घायल हुए है, जिसमें से एक की हालत गंभीर बताई गई है। घटना के संबंध में घायल राजकुमार कोल निवासी दुबहई ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार के सभी सदस्य मैजिक ऑटो में सवार होकर मैहर देवी माता मंदिर बच्चों का मुंडन करने गए थे जहां से वो शनिवार सुबह तकरीबन 7 बजे वापस लौट रहे थे। घायल ने बताया कि ऑटो में 14 लोग़ सवार थे और जैसे ही ऑटो रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के जुगनहई टोल प्लाजा के समीप पहुंचा तभी चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और वह डिवाइडर से जा टकराई। आशंका है कि चालक को झपकी आ गई जिससे यह हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## हाईवे में खड़े वाहनों से डीजल चुराकर भाग रही स्कार्पियों में लग गई आग, वाहन जप्त

**रीवा।** जिले मे हाइवे पर खड़े वाहनों से डीजल की चोरी करने के कई मामले सामने आ चुके है। मगनवां से गढ़ कटरा तक कई ट्रकों के डीजल चोरी का मामला सामने आया है। एनएच में बीती रात एक स्कॉर्पियो वाहन सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटनाग्रस्त हुए उक्त वाहन में खाली और भरे हुए डीजल के टैंक सहित पाइप व अन्य सामान मिला है। आशंका जताई जा रही है कि यह वाहन डीजल चोरी करने वाली गैंग का है, जो चोरी कर भागते समय दुर्घटना का शिकार हो गए। फिलहाल पुलिस ने वाहन को जप्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर कर्चुलियान के ग्राम मढ़ी सुरसा के समीप बीती रात एक स्कॉर्पियो वाहन दूसरे वाहन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद वाहन में सवार लोग वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए, जहां पहुंची पुलिस ने पाया कि दुर्घटनाग्रस्त हुए स्कॉर्पियो वाहन में भारी मात्रा में खाली और भरे हुए डीजल टैंक सहित पाइप व अन्य सामान रखा हुआ है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि रायपुर कर्चुलियान स्थित नेशनल हाईवे मार्ग पर खड़े हुए वाहनों से डीजल चोरी करने के बाद उक्त स्कॉर्पियो वहां भाग रहा था, जिस दौरान वह दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। बताया जाता है कि रीवा से हनुमान और चाकघाट मार्ग में अक्सर खड़े होने वाले वाहनों से लगातार डीजल चोरी की घटनाएं सामने आती है, लेकिन चोरों का कोई सुराग हाथ नहीं लग रहा था। ऐसे में बीती रात हुई घटना के बाद आशंका जताई जा रही है कि हाइवे में सक्रिय चोरों का गिरोह डीजल चोरी करने के बाद भागते समय



दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। फिलहाल स्कॉर्पियो वाहन लावारिस हालत में खड़ा मिला, जिसे पुलिस ने थाने ले जाकर जप्त की है साथ ही वाहन मालिक के संबंध में पतासाजी कर घटना की जानकारी का प्रयास पुलिस द्वारा किया जा रहा है।

## देउर कोठार स्थित जंगल में मिला था शव, पांच महीने बाद अंधीहत्या का खुला राज, महिला प्रेमिका निकली कातिल, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत देउर कोठार में हुई अंधी हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है,बात दे मामले में पुलिसरने एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया वही उसका एक साथी फरार है जिसकी तलाश पुलिस अब कर रही है,मिली जानकारी अनुसार प्रेम प्रसंग में बाधा बन कर सामने आने पर रहे वृद्ध की आरोपियों ने गला दबाकर निर्मम हत्या की थी, वही साथ ही शव को दउर कोठार के पास पत्थर से छिपाकर फरार हो गई थी। बात से पूरे मामले का एक वीडियो जब जवा पुलिस के पास पहुंचा तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। बता दे कि 16 अक्टूबर कोदेउर कोठार स्थित माडीघाट जंगल में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया जहां मौके पर मिले साक्ष्यों के बाद निकलकर आया कि मृतक का गला घोटकर व पत्थर से कुचलकर हत्या की गई जिसके बाद लाश को छिपाने के उद्धेश्य से देउर जंगल में ठिकाने लगाया गया। पुलिस ने पीएम पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को त्योथर में दफन करवाया था, तब उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी, जबकि मृतक की गुमशुदगी की शिकायत जवा थाना में दर्ज थी। शव को कफन दफन कराने के बाद उसके चप्पल एवं कपड़े को पुलिस ने सुरक्षित रखवाया था। करीबन 03-04 दिन पूर्व सोशल मीडिया में एक वायरल वीडियो को पुलिस ने संज्ञान में लिया जिसकी तस्दीक उपरांत पाया गया कि एक महिला के द्वारा अपने एक साथी के साथ घटनास्थल पर ही अज्ञात पुरूष को तौलिया से गला घोटते हुए उसके ऊपर खडे होकर पत्थर के टुकडों से छिपा रही है, जिसके बाद मृतक की पहचान परिजनों द्वारा उसके चप्पल एवं कपड़ों के आधार पर हरवंश केवट पिता देवशरण केवट 55 वर्ष निवासी ग्राम गढवा थाना जवा के रूप में की। पुलिस ने वीडियो में दिख रही महिला की



पहचान कराकर महिला आरोपिया शोभावती केवट पति स्व. विनय केवट उम्र 36 वर्ष नि लोनीपार थाना शंकरगढ जिला प्रयागराज को गिरफ्तार किया जिसके बाद पूरी घटना का खुलासा हो गया। पूछताछ में महिला ने बताया कि यह बुद्ध को एक्सीडेंट होने का झांसा देकर अपने प्रेमी अंकित यादव निवासी देवरा लीनीधार शंकरगढ़ जिला प्रयागराज के साथ गढ़ के देऊन बौद्ध स्तूप में लेकर गई। वहां महिला ने वृद्ध के साथ साथ पहले मारपीट की। बाद में गमछे से उसका गला घोट दिया। आरोपियों ने पहचान छिपाने पत्थर से उसका चेहरा कुचल दिया था। गढ़ थाने में हत्या का प्रकरण कायम किया था, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस घटनास्थल का वीडियो, पत्थर के टुकड़े मृत की चपल व कपड़े बरामद किए हैं। मामले में अंकित यादव फरार है। पुलिस ने आरोपिया को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया साथ एक फरार आरोपी की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।बॉक्स महिला के साथ मिलकर मृतक के नातिन को प्रेमजाल में फंसाया था आरोपीउक्त महिला का प्रेमी अंकित यादव वृद्ध की नातिन से प्यार करता था। नातिन अपने भौसी के घर जाती थी, जहां उसका उससे संपर्क हुआ। उसने महिला की मदद लेकर उसको प्रेमजाल में फंसाया। महिला के साथ यह कई बार वृद्ध के घर भी नातिन से मिलने आया था। उसने किशोरी को झांसा देकर प्रेमजाल में फंसा लिया था। घटना के तीन माह बाद आरोपी अंकित उक्त किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इस बात से अनजान परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने पीड़िता को बरामद किया और उसके बयान के आधार पर आरोपी अंकित सहित चार, को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया था। जमानत पर छूटने के बाद आरोपी ने महिला द्वारा मारपीट किए जाने का वीडियो वायरल करना शुरू कर दिया था, जिसने इस हत्याकांड का रहस्य खोल दिया।

## सांसद जनार्दन मिश्र ने लोकसभा में उठाई तीसरे फ्लाईओवर की मांगपुराना बस स्टैण्ड से ढेकहा तिराहा तक फ्लाईओवर परियोजना की मांगी स्वीकृति



**रीवा।** केन्द्र सरकार से परियोजना को स्वीकृति मिलने पर रीवा बासियों को एक और फ्लाई ओवर की सौगात का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा शहर को यातायात के जाम से मुक्ति दिलाने के लिये दो फ्लाईओवर बन चुके हैं तीसरा फ्लाईओवर पुराना बस स्टैण्ड से देकहा तिराहा तक प्रस्तावित है रीवा की राजनैतिक जिस तन्मयता के साथ शहर को सजाने-सजाने के कार्य में जुटी हुई है, उससे तीसरे फ्लाई ओवर प्रोजेक्ट की मंजूरी जटिल नहीं है।उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सिरमौर चौक में तीसरे लेग के लोकार्पण अवसर पर तीसरे फ्लाईओवर की घोषणा कर चुके हैं। सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा लोकसभा में शून्यकाल में इस मांग को रखते हुए केन्द्र सरकार से परियोजना को तत्काल स्वीकृति एवं आवश्यक बजट उपलब्ध कराये जाने का आग्रह किया। सांसद रीवा ने कहा कि मोदी सरकार में रीवा में हाइवे, रेलवे, हवाईमार्ग सहित अन्य विस्तार के कार्य तेजी से हुए हैं। रीवा के देंकहा तिराहे में जाम की स्थिति बनी रहती है। हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। यातायात के दबाव से मुक्ति के लिये पुराने बसस्टैण्ड से केकहा तिराहा तक फ्लाई ओवर का निर्माण जरूरी है। यातायात का दबाव कम हो और जाम से निजात के लिये रीवा शहर में दो फ्लाईओवर का निर्माण हो चुका है। सांसद रीवा ने तीसरे फ्लाईओवर के प्रोजेक्ट को मंजूरी एवं आवश्यक बजट मुहैया कराने की मांग केन्द्र सरकार से की है।

## पांच एकड़ गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग, जलकर हुई खाक, सेमरिया थाना क्षेत्र के बड़ा गांव की घटना, शॉर्ट सर्किट बताई जा रही वजह



**रीवा।** जिले सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा गांव बेलस में गेंहू की तैयार फसल पर अचानक से आग लग गई। जिसके बाद किसानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग में पाया काबू। बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट के चलते आगजनी की यह घटना हुई। बता दे कि गेहूं के लहराते हुए खेत में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर एक के बाद एक तीन किसानों की फसल को जलाकर खाक हो गई, बता दे घटना के दौरान ग्रामीण पुलिस और फायर स्टेशन में मदद के लिए फोन लगाते रहे, लेकिन न तो पुलिस का फोन उठा और ना ही फायर स्टेशन का, ऐसे में ग्रामीणों ने खुद ही मिलकर आग बुझाने की मशक्कत की और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक किसानो की फसल जलकर राख हो चुकी थी। जानकारी के मुताबिक बड़ा गांव स्थित बेला निवासी बुद्धसेन त्रिपाठी, चंद्र प्रताप त्रिपाठी और नारायण पाण्डेय के खेत में आग लगने की यह घटना हुई है। ग्रामीणों की माने तो विद्युत लाइन में हुई शॉर्ट सर्किट की वजह से खेत में आग लगी, जो देखते ही देखते आस पड़ोस के दूसरे खेतों तक जा पहुंची। फिलहाल इस घटना में तीन किसानों की तकरीबन पांच एकड़ में लगी गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हो गई है। इधर लोगों ने घटना के दौरान पुलिस और फायर स्टेशन का फोन ना उठने पर आक्रोश जाहिर करते हुए शासन प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। वही घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली है।

## अचानक गैस सिलेंडर में लगी आग, 6 झुलसे, एक बच्ची की हालत गंभीर, सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई घटना



**रीवा।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र के बक्छेरा गांव में शनिवार शाम एक गंभीर हादसा घटित हुआ। जहां गैस सिलेंडर में आग लगने से बंसल परिवार के 6 सदस्य झुलस गए। बात दे घटना के वक्त घर में खाना बनाते समय गैस चूल्हे के लाइटर को जलाते ही सिलेंडर में गैस रिसाव के कारण आग भड़क उठी। इस हादसे में 5 साल की बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य घायल परिवार के सदस्यों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई,मिली जानकारी के अनुसार, घटना के समय बंसल परिवार के सदस्य घर के किचन में थे। जैसे ही लाइटर जलाया गया, गैस सिलेंडर में रिसाव होने की वजह से आग लग गई। हादसे के दौरान परिवार के सदस्य आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आसपास के लोगों ने तत्काल मदद की और आग पर काबू पा लिया, जिससे सिलेंडर के ब्लास्ट होने का बड़ा खतरा टल गया। घटना के बाद घायलों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 5 साल की बच्ची को बर्न यूनिट में भर्ती किया गया। परिवार के अन्य सदस्य मामूली रूप से झुलस गए, जिनका उपचार किया गया और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लौर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

**मऊगंज।** जिले के देवतालाब के सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय लौर (देवतालाब) में आयोजित ₹राष्ट्रीय सेवा योजना₹ शिविर के छठवें दिन विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक रजनीश त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट के. के. मिश्रा विशिष्ट अतिथि प्रो. अभिमन्यु प्रसाद भूर्तिया राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक रीवा परिक्षेत्र कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महानंद द्विवेदी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन से हुई जिसमें मंचासीन अतिथियों द्वारा पूजन किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी रजनीश त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के. के. मिश्रा का शाल श्रीफल से स्वागत किया। गोद ग्राम प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह कर्चुली द्वारा विशिष्ट अतिथि प्रो. अभिमन्यु प्रसाद भूर्तिया का स्वागत शाल श्रीफल देकर किया तथा डॉ पंकज मैत्रेय द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर



रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महानंद द्विवेदी का शाल श्रीफल देकर स्वागत किया गया। शिविर के स्वयंसेवक द्वारा मंचासीन अतिथियों को स्वागत गीत गाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महानंद द्विवेदी जी ने मंचासीन अतिथियों को स्वागत उदबोधन दिया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के समन्वयक प्रो. अभिमन्यु भूर्तिया जी ने स्वयम्स्वयंसेवक को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को बताया। तत्पश्चात महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट के. के. मिश्राजी ने स्वयम्सेवकों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक अवनीश गुप्ता द्वारा हास्य कविता प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ नवीन शर्मा ने किया एवम आभार प्रदर्शन डॉ पंकज मैत्रेय ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ विजय मिश्रा डॉ दिवाकर प्रसाद शर्मा डॉ अबदेश सिंह कुशवाह डॉ गोकरण कुशवाह रविकांत चौधरी डॉ नफीस अमान खान डॉ प्रमोद मिश्रा डॉ धर्मेंद्र कुमार पटेल डॉ लालबहादुर तिवारी कर्मचारीगण तथा स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

## रतनगवां में कनिष्ठ को हटा कर उच्च शिक्षक को बनाया जाए प्रभारी प्राचार्य

### जिला पंचायत सदस्य ने दिया आवेदन सात दिवस में कार्यवाही न होने पर देंगे धरना




**मऊगंज।** जिला पंचायत सदस्य वार्ड 15 लालमणि तिवारी ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण कार्यालय के नाम आवेदन देकर संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतनगवां जिला मऊगंज के प्रभारी प्राचार्य माध्यमिक शिक्षक को हटाकर उच्च माध्यमिक शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने की मांग की है साथ ही यह भी बताया कि विद्यालय में उच्च माध्यमिक शिक्षकों के होते हुए भी शिक्षा विभाग में व्याप्त अराजकता के चलते माध्यमिक शिक्षा प्रभारी बने हुए हैं जिस कारण संकुल अंतर्गत पात्र शिक्षक मानसिक रूप से कुंठित व प्रताड़ित हो रहे हैं साथ ही प्रभारी प्राचार्य के गलत कार्यों का विरोध करने वाले शिक्षकों पर अनुशासन आत्मक कार्यवाही का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जा रहा है जिससे क्षेत्र में भारी असंतोष व्याप्त है श्री तिवारी ने मांग की है कि जहां भी पर भी कनिष्ठ शिक्षा प्रभाव दिए बैठे हैं उन्हें तत्काल हटाकर पात्र शिक्षकों को प्रभाव दिया जाए आगामी सात दिवस के अंदर समुचित कार्यवाही न होने पर गांधीवादी तरीके से धरना आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी